राजेंद्र बाबू के जीवन से प्रेरणा लें बच्चे : सीएम

■ राजधानी में देशरत्न की 128वीं जयंती मनी, राज्यपाल व सीएम ने किया माल्यार्पण

संवाददाता ■ पटना

देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की 128वीं जयंती पूरे राज्य में मनायी गयी. जगह-जगह पर जयंती समारोह का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व व आदर्शों की चर्चा की गयी. पटना में मुख्य राजकीय जयंती समारोह राजभवन के सामने राजेंद्र चौक अवस्थित उनकी प्रतिमा के निकट मनायी गयी. राज्यपाल देबादंन कुंवर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,

125 महिलाओं के बीच खादी की साड़ी वितरित

उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी सहित अन्य नेताओं ने डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. राजेंद्र घाट पर भी देशरत्न की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी. राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने आगंतुक पुस्तिका में अपनी भावनाओं को भी लिखा. मौके पर चरखा समिति की 125 महिलाओं के बीच खादी की साड़ी वितरित की गयी. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों व शास्त्रीनगर बालिका उच्च विद्यालय, बांकीपुर गर्ल्स हाइस्कूल व गर्दनीबाग गर्ल्स हाई स्कूल की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों का गायन किया. कार्यक्रम के दौरान ही मुख्यमंत्री से ऑटोग्राफ लेने के लिए बच्चों के बीच होड़ सी मच गयी. राज्यपाल को विदा करने के बाद मुख्यमंत्री ने बच्चों को ऑटोग्राफ भी दिया. मुख्यमंत्री ने बच्चों को राजेंद्र बाबू की जीवन से प्रेरणा लेने को कहा. पढ़ाई-लिखाई के साथ ही बच्चों को मानवीय सेवा करने को भी कहा. डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ जगन्नाथ मिश्र, खाद्य आपूर्ति मंत्री श्याम रजक, विधायक पूनम देवी, पूर्व मंत्री रामनाथ ठाकुर, पूर्व विप सदस्य असलम आजाद, पूर्व विधायक श्रीकांत सत्यादर्शी व कृष्णनंदन वर्मा, जदयू के प्रदेश महासचिव छोटू सिंह, राजीव रंजन, कुमुद वर्मा, चंदेश्वर प्रसाद सिंह, सीपी सिन्हा सहित अन्य नेता शामिल रहे. टीके घोष अकादमी राजकीय उच्च विद्यालय में डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती समारोह में खाद्य व उपभोक्ता मंत्री श्याम रजक ने कहा कि देश रत्न प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद विद्यार्थियों के सदैव अनुकरणीय है.

देश के सच्चे सपूत थे

राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीपी ठाकुर ने राज भवन स्थित राजेंद्र चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया. उन्होंने कहा कि राजेंद्र बाबू देश के सच्चे सपूत थे. उनके विचारों और जीवन दर्शन को जीवन में उतार कर राष्ट्र को और मजबूत बनाया जा सकता है. भाजपा नेता पं. हरि शंकर शर्मा, प्रो. रणवीर नंदन, किरण कुमारी, संजीव मिश्रा, शैलेश कुमार, अभिजीत शर्मा, तपेश्वर सिंह और परशुराम शर्मा ने भी राजेंद्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से देश रत्न राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी गयी. सभा के कार्यकारी अध्यक्ष रविनंदन सहाय ने बिहार गौरव के उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी. महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष माया श्रीवास्तव ने उनके जयंती समारोह के अवसर पर संविधान दिवस मनाने की बात कहीं. बिहार प्रदेश छात्र न्याय मंच के तत्वावधान में सोमवार को प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जंयती कदमकुआं के अरविंद इंस्टीट्यूट में मनायी गयी. मौके पर मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता अमिताभ ऋतुराज, राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद युवा संभाग के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिन्हा आदि ने राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी. जदयू के प्रदेश सचिव सरदार कुलवंत सिंह सलूजा की अध्यक्षता में चितकोहरा पंजाबी कॉलोनी में राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनी. राजेंद्र चौक स्थित राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर कांग्रेसी नेता अजय कुमार, सुमन कुमार मल्लिक, शशिकांत तिवारी, श्रीकांत सत्यदर्शी, विपीन आदि ने माल्यार्पण किया. बिहार विद्यापीठ स्थित राजेंद्र स्मृति संग्रहालय सभागार में सोमवार को देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती समारोह मनायी गयी. इस मौके पर पटना के विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया. इस मौके पर आर्यभट्ट ज्ञान विवि के कुलपति डॉ एसएन गुहा, गांधीवादी विचारक जयनारायण सहाय, डॉ मृदुला प्रकाश, डॉ एसएन सिन्हा, हरिद्वार पांडेय, डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्रा, निर्मलचंद्र समेत कई लोग उपस्थित थे. वहीं, दूसरी ओर राष्ट्रीय विचार मंच, बिहार की ओर से भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसार की जयंती के मौके पर विचार संगोष्ठी का आयोजन एजी कॉलोनी स्थित संस्कृति सभागार में किया गया. इस मौके पर मंच के महासचिव सिद्धेश्वर, एएन सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ युवराज देव प्रसाद आदि मौजूद थे. इधर, पहले राष्ट्रपति देशरत्न की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में सादे समारोह में अयोजित की गयी. मौके पर पूर्व मंत्री कृपा नाथ पाठक , एच के वर्मा, जगन्नाथ पाठक, उमेश कुमार राम, श्रीकांत सत्यदर्शी, अरविंद लाल रजक, अखिलेश्वर सिंह, अजय कुमार, अजीत कुमार, धीरू यादव, शिवनाथ प्रसाद कर्ण, प्रो अनिल कुमार यादव आदि नेताओं ने अपनी श्रद्धांजलि दी. क्रिएटिव एकेडमी और चित्रगुप्त महापरिवार की ओर से सोमवार को मजिस्ट्रेट कॉलोनी में देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी गयी. मौके पर कविवर सत्यनारायण, भुपेंद्र नारायण विश्वविद्यालय मधेपुरा के पूर्व कुलपति अमरनाथ सिन्हा, डा राजेंद्र प्रसाद की पौत्री प्रो तारा सिन्हा, पद्मश्री से सम्मानित डॉ गोपाल प्रसाद सिन्हा, डॉ विजयनारायण मल्लिक आदि मौजूद थे.

इन्होंने भी मनाया समारोह

राष्ट्रीय प्रगति पार्टी, सर गणेश दत्त विचार मंच, बिहार राज्य पंचायत परिषद, पटेल नौजवान संघर्ष समिति, इंडियन पब्लिक स्कूल, कंकड़बाग, अखिल भारतीय अधिवक्ता जागरण समिति आदि संस्थाओं द्वारा राजेंद्र बाबू की जयंती मनायी गयी.

प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस कार्यकर्ता. फोटो । प्रभात खबर

जयंती पर चरखा चलातीं महिलाएं

देशरत्न को किया नमन

पटना सिटी ■ प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती विभिन्न संस्थाओं द्वारा मनायी गयी. इस मौके पर कई कार्यक्रम हुए. वक्ताओं ने राजेंद्र बाबू को सादा जीवन उच्च विचारवाला पुरुष बताया. प्रगतिशील कायस्थ समाज की ओर से श्री चित्रगुप्त मंदिर में जयंती समारोह संदीप चंद्रा की अध्यक्षता में मनायी गयी. मौके पर रामानंद श्रीवास्तव, प्रभात बहादुर माथुर, चंद्र मोहन राय सक्सेना, अनूप कुमार सिन्हा, नवल किशोर सिन्हा, चंद्रभानू सिन्हा आदि उपस्थित थे. राजकीय कृत मारवाड़ी उच्च विद्यालय में प्राचार्या डॉ मंजूला कुमारी की अध्यक्षता में जयंती मनायी गयी. इसमें डॉ रामकृष्ण प्रसाद, उमेश प्रसाद, डॉ अरुण कुमार राय, राम दिवाकर प्रसाद, अनिल कुमार सिन्हा, पूर्णिमा सिन्हा, अनिता कुमारी, रामा कुमारी, वरुण कुमार, अनुज किशोर प्रसाद, विनोद कुमार सिन्हा, प्रकाश चंद्र, अनिल रश्मि आदि मौजूद थे. जदयू श्रमिक प्रकोष्ठ की ओर से भी देशरत्न की जयंती मनायी गयी. इसमें दुर्गा चरण चौरसिया, गुड्डू पाठक, विकास पाठक, कल्याण सिंह, दिनेश चौधरी, दुर्गेश पासवान, मनोज पटवा, विवेकानंद गुप्ता, पप्पू यादव, सरदार सूरज सिंह, राज जन्म सिंह, सनोवर खान आदि उपस्थित थे. मालसलामी चौक प्रखंड कांग्रेस की ओर से अशोक यादव की अध्यक्षता में जयंती मनायी गयी. इसमें पूर्व विधान पार्षद विजय शंकर मिश्र, महानगर अध्यक्ष परवेज अहमद,राजकुमार राजन, दिलीप सिन्हा, पप्पु त्रिवेदी, सुबोध मिश्र, शैलेंद्र नाथ यादव, यशलोक विद्यार्थी, बलराम यादव, अभय जायसवाल आदि उपस्थित थे. बिहार प्रदेश समाजवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से अमित कुमार अलबेला की अध्यक्षता में जयंती मनायी गयी. इसमें काजल मेहता, रमेश कुमार बाल्मिकी, पिंकी सिन्हा, रानी कुमारी, नीलू गुप्ता, दीपक कुमार सिंह, सूजल सिंह, अनूप चौधरी, आशा कुमारी, शांति नारायण शर्मा, बिट्टू शर्मा, नीतू शर्मा, सीमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सिम्पी कुमारी आदि शामिल हुए. राजद, पटना साहिब की ओर से आयोजित जयंती समारोह में प्रदेश महासचिव रामानंद श्रीवास्तव, एकबाल अहमद, रजनीश कुमार राय, कासिम चांद, अभय गोस्वामी, कलीमउद्दीन, धमेंद्र प्रसाद मुन्ना, सलमान अख्तर, हरे राम, उमेश यादव, प्रदीप मेहता, एस बजीरउद्दीन, इबरार वाहेदी, उमेश पंडित, मोहम्मद शमशाद, कृष्ण कुमार पप्पू, भूषण माली, बबलू कुमार रामआदि उपस्थित थे.

पटना अपडेट

बच्चों को लगा खसरा का टीका

पटना सिटी ■ खसरा रक्षक अभियान का तीसरा चरण के तहत सोमवार को मालसलामी अंचल के बक्शी मैदान में उर्दू बालक प्राथमिक विद्यालय के 30 बच्चों को खसरा का टीका लगाया गया. वहीं कन्या प्राथमिक विद्यालय में भी 17 बच्चों को टीका लगाया गया. विद्यालय अवर निरीक्षक रामदहीन प्रसाद ने बताया कि राजकीय औषधालय मारूफगंज की चिकित्सा पदाधिकारी माला श्रीवास्तव के नेतृत्व में मध्य विद्यालय, लाल इमली में 112, प्राथमिक विद्यालय में 59, मध्य विद्यालय, नेहरू टोला में 90 व कल्याण शिशु संगम में 104 बच्चों को खसरा का टीका लगाया गया. मंगलवार को जार्ज मध्य विद्यालय, उर्दू प्राथमिक विद्याल आदि विद्यालयों में टीका लगेगा.

मूक-बधिर विद्यालय में प्रतियोगिता

पटना सिटी ■ राजकीय मूक-बधिर विद्यालय में सोमवार को प्रतियोगिता हुई. इसमें नृत्य के लिए अनुराग कुमार चंचल को, कैरम प्रतियोगिता में कनीय वर्ग से पंकज कुमार व वरीय वर्ग से सिकंदर आलम को पुरस्कृत किया गया. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सत्यनारायण साहू, सुबीर बनर्जी व मीना साह मौजूद थीं.

सेवादारों के प्रमुख संग बैठक

पटना सिटी : सिखों के दूसरे बड़े तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब में प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने सोमवार को सेवादारों के प्रमुख के साथ बैठक की. बैठक में उपस्थित सेवादारों के प्रमुख से जनवरी माह में आयोजित होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश उत्सव समारोह में सहयोग का आग्रह किया गया. इसकी जानकारी देते हुए महासचिव सरदार चरणजीत सिंह ने बताया कि दो एजेंडा पर 23 दिसंबर को प्रबंधक कमेटी की बैठक होगी.

बिजली चोरी में छह लाख का जुर्माना

पटना सिटी ■ मीना बाजार विद्युत कार्यालय के अधीन नवाब बहादुर रोड स्थित एक प्लास्टिक फैक्टरी में सोमवार को स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने छापेमारी की. टीम ने संचालक जगदीश प्रसाद पर उर्जा चोरी में दोषी पाते हुए छह लाख 47 हजार का जुर्माना लगाया गया है. दल में एसटीएफ प्रमुख रंजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता बीके चौधरी व मोहम्मद रिजवान अहमद, सहायक विद्युत अभियंता अविनाश गौरव व कनीय अभियंता राणा प्रताप सिंह आदि शामिल थे.

स्लम विकास समिति का गठन

पटना सिटी ■ स्लम बस्ती के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्थितियों के आकलन के लिए सोमवार को प्रिया व हमराही संस्था की ओर से बैठक की गयी. मंगल अखाड़ा व कैमाशिकोह नहर पर हुई बैठक में स्लम विकास समिति का गठन संस्था के अजीत कुमार व बेबी शर्मा ने किया. मंगल अखाड़ा में गठित कमेटी में सबुना देवी को अध्यक्ष, वेदमिया देवी, श्रीमती देवी, रवि व संतोष पासवान को सदस्य बनाया गया. वहीं कैमाशिकोह की कमेटी मे रानी देवी को अध्यक्ष व रामा देवी, लक्ष्मीनिया देवी, फेकू राम व सुरेंद्र राम को सदस्य बनाया गया.

श्री राणी सती दादी महोत्सव सात को

पटना सिटी ■ श्री दादी जी भक्त मंडल के कार्यसमिति की बैठक सोमवार को प्रभु दयाल भरतिया की अध्यक्षता में हुई. मिरचाई गली स्थित रानी सती दादी मंदिर में हुई बैठक में मंगसीर वदी नवमी पर सात दिसंबर को श्री राणी सती दादी महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया. मौके पर चिरंजी लाल झुनझुनवाला, शंभू केसरा, चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला, राजा राम शर्मा, प्रमोद कसेरा, प्रदीप देवड़ा, ओम राजगढ़िया, प्रवीण जगनानी व प्रमोद कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे.

गोस्वामी सभा देगा धरना

पटना सिटी ■ अखिल भारतीय गोस्वामी सभा की बैठक सोमवार को गायघाट में प्रदेश अध्यक्ष राजाराम गिरि की अध्यक्षता में हुई. इसमें दस सूत्री मांगों को लेकर कारगिल चौक पर धरना देने का निर्णय लिया गया. मौके पर अंजली गोस्वामी, रामजी गिरी, श्री राम गिरी, बलिराम गिरी, केशव पर्वत, आदर्श गोस्वामी, गुप्तेश्वर गिरी, संजय गोस्वामी, अरुण भारती, शिवदानी गिरी, सतीश गिरी, नवीन गोस्वामी, जगत गिरी, परमहंस गोस्वामी, उमा गोस्वामी, पूनम गोस्वामी, आकांक्षा पुरी आदि उपस्थित थे.

पुलिस ने दो को पकड़ा

पटना सिटी ■ खाजेकलां थाने की पुलिस ने कुर्की जब्त करने गये दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया. थानाध्यक्ष प्रेम सागर ने बताया कि हमाम मोहल्ले में रहनेवाला वर्ष 1997 के डकैती कांड के आरोपी राजदेव महतो व अवधेश राय के खिलाफ न्यायालय से कुर्की वारंट निर्गत था, जिसे तामिला कराने गयी पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है.

दुर्घटना में चाचा-भतीजा जख्मी

पटना सिटी ■ साइकिल से घर जा रहे चाचा-भतीजा ट्रक के टक्कर से जख्मी हो गये. दोनों को नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भरती कराया गया है. अगमकुआं थाने के पटना मसौढ़ी रोड में घटना घटी. चाचा रमेश कुमार व भतीजा गोप कुमार ने बताया कि वह दोनों साइकिल से चक वैरिया, गोपालपुर स्थित घर जा रहे थे.

पौधारोपण व पदयात्रा

पटना सिटी ■ बिहार ब्याहुल कलवार महासभा की ओर से सोमवार को पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत पदयात्रा व पौधारोपण किया गया. मौके पर राहुल कुमार चौधरी, अशोक कुमार चौधरी आदि मौजूद थे.

पुतला फूंक जताया विरोध

पटना सिटी ■ नागरिक विकास मंच के सदस्यों ने हाजीगंज मोड़ पर सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका. वे पाकिस्तान में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध जता रहे थे. आंदोलन का नेतृत्व शशिकांत शुक्ला व अध्यक्षता राजीव रंजन ने की. मौके पर ओम प्रकाश पासवान, उत्तम मालाकार, विनय कुमार, पिंटू पासवान, दिलीप शर्मा, विनय गुप्ता, अनिल शर्मा, महेशवर नारायण, जगरन्नाथ शर्मा, माधव, बंटी यादव, दिलीप सिन्हा, संतोष जायसवाल, उर्मिला देवी, आभा देवी, श्री पति देवी, मोहम्मद इरफान आदि मौजूद थे. इधर, पाटलिपुत्र नगर विकास समिति की बैठक सोमवार को जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई. इसमें पाकिस्तान के कराची में धार्मिक स्थल तोड़ने व हिंदुओं के मकान पर बुलडोजर चलाने पर विरोध जताया गया. मौके पर राजेश साह आदि उपस्थित थे.

भाड़ा बढ़ाने का विरोध

पटना सिटी ■ रेलवे द्वारा माल भाड़ा बढ़ाये जाने का विरोध भाजपा व्यवसाय मंच के महानगर अध्यक्ष आलोक साह व चुन्नू गुप्ता ने किया है. नेताओं ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है.

जच्चा-बच्चा की मौत पर परिजनों का हंगामा

पटना सिटी ■ आलमगंज थाना क्षेत्र के त्रिपोलिया स्थित निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा मचाया. परिजनों का आरोप था कि उपचार में कोताही की वजह से मौत हुई. पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ. फुलबारीशरीफ निवासी सैफ उल्लाह खा की पत्नी का उपचार पूर्व से ही वहां चल रहा था. बच्चे का जन्म भी अस्पताल में हुआ. परिजन का आरोप है कि समुचित उपचार व्यवस्था नहीं होने की वजह से ही यह घटना हुई. घटना के बाद परिजन जब अस्पताल प्रबंधन से बात करनी चाही, तब वह कुछ भी बताने से इनकार कर दिया. उन्हें अपने मरीज के उपचार में हुए खर्च लेने के लिए परेशान थे. काफी देर तक हंगामा होने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को मिली. थानाध्यक्ष बीके सिंह ने बताया कि शिकायत दर्ज नहीं हुई है.

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

पटना सिटी ■ खाजेकलां थाने की पुलिस ने गश्ती के दौरान अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया. थानाध्यक्ष प्रेम सागर ने बताया कि हमाम मोहल्ले में छापेमारी कर 30 लीटर अवैध देसी शराब के साथ जय कुमार को गिरफ्तार किया है.

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
[illegible]

बिहार सरकार
[illegible]

बिहार सरकार
[illegible]

बिहार सरकार
[illegible]

कालाजार मरीजों को मिलेगा भत्ता

संवाददाता ■ पटना

कालाजार पीड़ित मरीजों को घर से अस्पताल लाने और घर पहुंचाने के खर्च का वहन राज्य सरकार करेगी और उन्हें दैनिक भत्ता के रूप में भी राशि मिलेगी. ये बातें सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजेंद्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान, अगमकुआं के 49वां स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं. मुख्यमंत्री ने कहा कि कुषोण के कारण यह बीमारी होती है. हालांकि चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार योजना बना कार्य कर रही है. मेडिकल कॉलेजों के अलावा प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर रेडियोलॉजी की व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है. यक्ष्मा उन्मूलन पर भी कार्य हो रहा है. मुख्यमंत्री ने मस्तिष ज्वर पर अनुसंधान को आवश्यक बताते हुए कहा कि गया व मुजफ्फरपुर जिले में फैली बीमारी के कारणों को जानने के लिए वैज्ञानिकों की टीम को वहां भेजा गया है. इससे पहले मुख्यमंत्री ने संस्थान में बने वॉयरोलॉजिकल लैब का उद्घाटन कर संस्थान में स्थित राजेंद्र बाबू की प्रतिमा पर भी माल्यापर्ण किया. समारोह में विशिष्ट अतिथि पथ निर्माण मंत्री नंदकिशोर यादव ने विकास कार्य के रूप रेखा को प्रस्तुत किया. जबकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीपी ठाकुर ने अपने संबोधन में संस्थान के नये भवन का नाम सम्राट अशोक से जोड़ने पर बल दिया. आद्री के निदेशक डॉ शैवाल गुप्ता ने शिक्षा के क्षेत्र में चलाये जा रहे कार्यक्रमों को रेखांकित करते हुए विकास के लिए जरूरी बताया. कार्यक्रम में प्रधान सचिव अंजनी कुमार सिंह, विधान पार्षद सत्येंद्र नारायण कुशवाहा, एम्स निदेशक गिरिश कुमार सिंह, विनोद यादव, शशि गुप्ता आदि उपस्थित थे.

▶ राजेंद्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान के 49वां स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

वॉयरोलॉजिकल लैब का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार.

बड़े नाला को पाटा जायेगा

संस्थान के निदेशक प्रदीप दास ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. साथ ही संस्थान के समीप खुला बड़ा नाले से होनेवाले परेशानी व वैज्ञानिकों के रहने के लिए भूमि की जरूरत से सीएम को अवगत कराया. इस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई का भरोसा दिया. इस संबंध में नगर विकास सचिव व जिलाधिकारी से भी तत्काल बात की. मुख्यमंत्री ने फिर दोहराया कि अनुसंधान केंद्र के विकास में हर संभव सहयोग करेंगे, क्योंकि आनेवाली पीढ़ियों के लिए यह लाभकारी होगा. कार्यक्रम का संचालन डॉ संचालन डॉ कृष्णा पांडे व डॉ सीएस लाल ने किया. कार्यक्रम में अतिथियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया. इसमें सीडीआरइ, लखनऊ के पूर्व निदेशक सीएम गुप्ता को सम्मानित किया गया. इसके बाद छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का समापन डॉ नीना वर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. आयोजन को ले संजय कुमार चौबे, उदय कुमार, नरेश कुमार सिन्हा, राकेश बिहारी वर्मा समेत अन्य कर्मचारी व पदाधिकारी सक्रिय थे. कार्यक्रम के प्रथम चरण में वैज्ञानिक सत्र का उद्घाटन विधान पार्षद सत्येंद्र नारायण कुशवाहा व पूर्व निदेशक डॉ सीएम गुप्ता ने दीप जला किया. इसके बाद संस्थान के कर्मचारियों की ओर से स्वागत गान किया गया. वहीं सत्र की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक प्रदीप दास ने उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. सत्र में डॉ गुप्ता ने नैनो टेक्नोलॉजी व साइंटिफिक आरेशन पर बल दिया. सत्र का संचालन डॉ कृष्णा पांडे व डॉ सीएस लाल ने किया. कार्यक्रम में अतिथियों ने पुस्कार का वितरण किया.